पत्र सख्या-स्था-6 सामान्य कम्प्यूटर/निर्देश सूचना/परिपत्र-प्रारुप//2017-18// 6293 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग )

लखनऊ :: दिनांक :06 फरवरी 2018

**समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)/**
**समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।**

मुख्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जारी किये गये निर्देशो के उपरान्त भी यह तथ्य संज्ञान में आया है, कि सेवानिवृत्त/मृत कर्मचारियो को उनकी पेन्शन, ग्रेच्युटी, जीवन बीमा, जी0पी0एफ0 एवं नगदीकरण आदि मामलो का निस्तारण समयबद्ध रुप से नही किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के उपरान्त दिवगंत कर्मचारियो के आश्रितो को अनावश्यक रुप से विभाग में अपने मामलो की जानकारी हेतु आना जाना पड़ता है, यह स्थिति कदाचित उचित नही है ।

उक्त समस्या के निदान हेतु गत वर्ष मुख्यालय के पत्र स0 स्था0-6 सूचना सेवानिवृत्ति भुगतान /2016-17 /4964/वाणिज्य कर, लखनऊ दि0 06-01-2017 द्वारा वर्ष 2017 (जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक) के समूह ग व घ श्रेणी के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियो की सूची, देयको का समय से भुगतान कराने हेतु संलग्न कर प्रेषित की गयी थी । उक्त सम्बन्ध में कार्यालय ज्ञाप सं0 5731 दिनांक 10-01-2018 निर्गत कर समस्त जोनो को इस आशय से निर्देश प्रसारित किया गया था, कि विगत वर्ष 2017 (जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 ) में जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए है, उन कर्मचारियो के देयको का भुगतान कर दिया गया है व यदि कोई देयक शेष नही रह गया हो तो इस आशय का प्रमाण पत्र मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय व यदि कोई देयक भुगतान हेतु शेष है, तो उसका भुगतान नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराया जाय ।

मुख्यालय से दिये गये निर्देशो के क्रम मे कुछ कतिपय संभागो को छोड़कर अन्य संभागो से सूचना /आख्या प्राप्त नही हुयी है । यह स्थिति उचित नही है ।

मुख्यालय स्तर से यह भी निर्णय लिया गया है, कि मृतक कर्मचारियो के आश्रितो के सम्बन्ध में आपके संभाग में कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से तथा साथ ही साथ आपके संभाग में समूह ग/घ के कार्मिको पर अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरण जो लम्बित है । मामलो की अद्यतन सूचना से मुख्यालय को अवगत कराया जाय, ताकि कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश महोदया की अपेक्षानुसार मुख्यालय पर योजित बैठकों में समीक्षा की जा सके ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र से साथ संलग्न **निर्धारित प्रारुप 1, 2, 3,4 व 5** में उल्लिखित अधिकारियो कार्यालय से सत्यापित कराते हुये, सूचना मुख्यालय को प्रत्येक दशा में दि0 22-02-2018 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, ताकि मुख्यालय स्तर से अपेक्षित नियमानुसार कार्यवाही करायी जा सके ।

| क्रम सं0 | निर्धारित प्रारुप | विवरण | संयुक्त हस्ताक्षर | मुख्यालय पर प्रेषित करने करने वाले अधिकारी का पदनाम | प्रेषण संबंधी निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रारुप-1 | सेवानिवृत्ति | आहरण वितरण अधिकारी व ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्य0) वाणिज्य कर | ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) | 22-02-2018 व पुनः निर्देश जारी करने पर । |
| 2- | प्रारुप -2 | सेवानिवृत्ति के उपरान्त देयक सम्बन्धी | आहरण वितरण अधिकारी व ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्य0) वाणिज्य कर | ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) | 22-02-2018 व आगामी माहों में दिनाँक 05 तक |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3- | प्रारुप -3 | सेवानिवृत्ति के उपरान्त लम्बित देयक संबंधी | आहरण वितरण अधिकारी व ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्य0) वाणिज्य कर | ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) | 22-02-2018 व आगामी माहों में दिनाँक 05 तक |
| 4- | प्रारुप-4 | मृतक कर्मचारी आश्रित संबंधी | ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) व संबंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर | जोनल एडीशनल कमिश्नर | 22-02-2018 व आगामी माहों में दिनाँक 05 तक |
| 5- | प्रारुप-5 | अराजपत्रित कार्मिको पर अनुशासनिक कार्यवाही संबंधी | ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) व संबंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर | जोनल एडीशनल कमिश्नर | 22-02-2018 व आगामी माहों में दिनाँक 05 तक |

संलग्नक :: उपरोक्तानुसार।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि,पृष्ठांकन पत्र सं0 व दिनाँक उक्त ।

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0 प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने का कष्ट करें।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट के नोटिस बोर्ड पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

06/02/18

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

## प्रारुप :-1

सेवानिवृत्ति (माह जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक)

सम्भाग का नाम :

| क्र0 स0 | कुल सेवानिवृत्त कार्मिको की संख्या | समूह - ग | समूह - घ | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

हस्ताक्षर

आहरण वितरण अधिकारी वाणिज्य कर
जनपद-------------

हस्ताक्षर

ज्वाइन्ट कमिश्नर( कार्यपालक)वाणिज्य कर
सम्भाग-----------

## प्रारुप :-2

**सेवानिवृत्ति के उपरान्त देयको सम्बन्धी (माह जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक)**

| क्रम सं० | कर्मचारी का नाम | पदनाम | सेवानिवृत्ति का दिनाँक | कार्यालय का नाम जहाँ सेवानिवृत्त हुए | जी0पी0एफ0 के 90 प्रतिशत भुगतान की तिथि | जी0पी0एफ0 के 10 प्रतिशत भुगतान की तिथि | सेवानिवृत्ति पर नगदीकरण के भुगतान की तिथि | पेंशन, ग्रेच्युटी आदि प्रपत्र पेंशन निदेशालय भेजने की तिथि | पेंशन, ग्रेच्युटी निदेशालय द्वारा स्वीकृति का दिनाँक | जीवन बीमा धनराशि के भुगतान हेतु बीमा निदेशालय को भेजने का दिनांक | जीवन बीमा द्वारा जीवन बीमा धनराशि के भुगतान का दिनांक | देय लाभ के लम्बित होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

हस्ताक्षर

आहरण वितरण अधिकारी वाणिज्य कर
जनपद-------------

हस्ताक्षर

ज्वाइन्ट कमिश्नर( कार्यपालक)वाणिज्य कर
सम्भाग-------------

5/2/18
(अनुराग ...)
अपर ... वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

## प्रारुप :-3

सेवानिवृत्ति के ऐसे मामले जिनमें देयक लम्बित है :-

माह दिसम्बर 2016 तक

| क्रम सं० | कार्मिक का नाम | पदनाम | सेवानिवृत्ति की तिथि | देयक जो लम्बित है का संक्षिप्त विवरण | लम्बित होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

हस्ताक्षर

आहरण वितरण अधिकारी वाणिज्य कर
जनपद--------------

हस्ताक्षर

ज्वाइन्ट कमिश्नर( कार्यपालक)वाणिज्य कर
सम्भाग--------------

(अतुल कुमार ...)

# प्रारुप :- 4

( मृतक कर्मचारी आश्रित संबन्धित )

| क्रम सं0 | मृतक कर्मचारी का नाम / पद नाम | मृतक कर्मचारी के मृत्यु का दिनाँक | मृतक कर्मचारी के आश्रित को नौकरी दी गयी है अथवा नहीं । | यदि नही तो कारण । (कॉलम - 4 के सापेक्ष) | मृतक कर्मचारी के मामले कब से लम्बित हैं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

हस्ताक्षर

ज्वाइन्ट कमिश्नर ( कार्यपालक) वाणिज्य कर
सम्भाग-------------------

हस्ताक्षर

जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर
जोन----------------------

(अतुल कुमार तेज)
अपर सांख्यिकीय अधिकारी

## प्रारुप :-5

### समूह - ग/घ के कार्मिको पर अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरण

| क्रम सं0 | जोन का नाम | कार्मिक का नाम व पद नाम | सेवानिवृत्ति की तिथि | शिकायतकर्ता का नाम व पता यदि कोई हो तो। | प्रारम्भिक जाँच / शिकायत की तिथि | निलम्बित होने की तिथि यदि कोई हो तो | फाइल नम्बर | विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | आरोप पत्र निर्गत होने की तिथि | आरोप पत्र तामील होने की तिथि | जाँच अधिकारी का नाम व पद नाम | जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने की तिथि | अनुशासनिक कार्यवाही समाप्त होने की तिथि | दण्ड का संक्षिप्त विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |

**हस्ताक्षर**

**ज्वाइन्ट कमिश्नर ( कार्यपालक) वाणिज्य कर**
**सम्भाग---------------------**

**हस्ताक्षर**

**जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर**
**जोन---------------------**

(अतुल कुमार तेज)
अपर सॉंख्यिकीय अधिकारी (स्थापना अराज०)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।